प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर की समीक्षा बैठक : मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर दिया बल।
2. ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार ने की सर्वदलीय बैठक : सभी दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई का किया समर्थन।
3. सशस्त्र बलों ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को किया निष्प्रभावी : भारत न तनाव नहीं बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

और

4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 494 सहायक अध्यापकों और 49 प्रवक्ताओं को बांटे नियुक्ति पत्र : कहा– शिक्षक, विद्यालयों से रखें विकसित भारत की आधारशिला।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रम के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और मंत्रालयों के बीच समन्वय को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। पेश है एक रिपोर्ट....

*प्रधानमंत्री ने बैठक में मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मौजूदा स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों की योजना और तैयारी की समीक्षा भी की। बैठक के दौरान नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने सचिवों को अपने–अपने मंत्रालय के संचालन की व्यापक समीक्षा करने और आवश्यक प्रणालियों के सुरक्षित तरीके से कामकाज को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और रक्षा, गृह, विदेश, सूचना तथा प्रसारण, बिजली, स्वास्थ्य और दूरसंचार सहित प्रमुख मंत्रालयों के सचिव शामिल रहे। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

ऑपरेशन सिंदूर पर आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की प्रशंसा की है और एकमत से अपना समर्थन व्यक्त किया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में संसद में हुइ इस बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई नेता शामिल हुए। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कायमंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक को रचनात्मक बताया। बाइट....

*ऐसा वक्त में जब देश एक बहुत बड़ी चुनौती को हाथ में लेकर के काम कर रहे हैं तो इसमें राजनीति का कोई जगह नहीं है यह हमारे पूरे पॉलीटिकल पार्टीज़ ने दर्शाया है और सब लीडर्स ने एक मत से हमारे*

*सेनाओं ने जो कार्रवाई की है ऑपरेशन सिंदूर को लेकर के पूरे बधाई भी दिया और गौरव का एहसास सबको हुआ है।*

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि उन्होंने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। बाइट....

*हम सभी जितने भी पार्टी के लोग थे। सभी ने बताया इस संकट के घड़ी में हम सब आपके साथ हैं और आप जो काम कर रहे हैं करते रहिए और देश के हित में हम आपके साथ रहेंगे।*

——————————

भारतीय सशस्त्र बलों ने आज सुबह पाकिस्तान के कई स्थानों पर वायु रक्षा रडार और प्रणालियों को निशाना बनाया। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय की ओर प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। बाइट.....

*यह विशेष रूप से स्पष्ट किया गया था कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया। साथ ही दोहराया गया कि भारत में किसी भी सैन्य लक्ष्य पर हमले का उचित जवाब दिया जाएगा। सात से आठ मई दो हज़ार पच्चीस की रात को पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी भारत में स्थित कई सैन्य ठिकानों जैसे कि अ अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने का प्रयास किया। इन हमलों को इंटीग्रेटेड काउंटर यू एएस ग्रिड और वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया।*

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तानी गोलीबारी में निर्दोष सोलह लोगों की जान गई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि भारत का रिपांस पूरी तरह से संयमित है। भारत मामले को बढ़ाना नहीं चाहता है इसीलिये सारे टारगेट चुनिंदा तरीके से हिट किये गये हैं। भारत ने पाकिस्तान के किसी भी शहरी क्षेत्र को टारगेट नहीं किया है।

—————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत जिस सटीकता से पाकिस्तान में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट किया गया है वह सराहनीय है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सेना के पास साहस के साथ हथियार भी उच्च गुणवत्ता वाले हैं। बाइट....

*जिस प्रिसिजन के साथ यानि जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन सिंदूर एक्जीक्यूट किया गया वह अन इमेजिनेबल है। बहुत ही सराहनीय है। इसमें नाइन टेररिस्ट कैंप्स तबाह हुए और अच्छी खासी संख्या में आतंकी मारे गए। जिस तरह से इस ऑपरेशन को किसी भी इनोसेंट को नुकसान पहुंचाए बिना मिनिमम कोलेटरल डैमेज के साथ अंजाम दिया गया। वह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे फॉर्मडेबल एंड प्रोफेशनल ट्रेन आर्म्ड फोर्सेज के पास इक्विपमेंट भी हाई क्वालिटी के थे।*

—————————

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने–जाने वाली लगभग 90 उड़ानें आज सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रद्द रहीं। इनमें 11 अंतर्राष्ट्रीय और 79 घरलू उड़ानें शामिल हैं। वहीं लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के कारण लखनऊ से चंडीगढ़ और किशनगढ़ सहित चार उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। एयरलाइंस कंपनियों ने यात्रियों को सलाह दी ह कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले नवीनतम अपडेट की जांच कर लें।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 494 सहायक

अध्यापकों और 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र बांटे। इसके साथ ही उन्होंने 23 राजकीय इंटर कॉलेजों में मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कारवाई कर यह साबित कर दिया है कि देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को हम छोड़ते नहीं हैं। बाइट....

*विकसित भारत किसी को छेड़ता नहीं है। विकसित भारत अनावश्यक रूप से किसी के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करता है और ये तो इतिहास रहा है हमारा बेवजह हमने किसी देश के कार्य में कभी भी हस्तक्षेप नहीं किया लेकिन अगर कोई हमारे आंतरिक। मामलों में हस्तक्षेप करके हमारे नागरिकों को छेड़ता है उनकी सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता भी नहीं है और कल आपने भारत की ताकत का एहसास दुनिया ने भी किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इस ताकत का एहसास करेगी।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षकों को एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है। कार्यक्रम में श्री योगी ने 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अटल टिंकरिंग लैब और 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आईसीटी लैब स्थापना के प्रमाण–पत्र भी प्रदान किए।

——————————

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वर्ष 2047 तक हर घर में शिक्षा और स्वास्थ्य की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। नोएडा में कल शाम एक निजी विश्वविद्यालय के

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि देश के युवा अपने काम, विचार और योगदान से भारत को विश्वगुरु बना सकते हैं। बाइट.....

*अलग अलग तरीके से कल के युवा युवतियों का योगदान देश में अहम भूमिका निभा सके। इसी प्रकार से टेक्नोलॉजी और इनोवेशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो, मशीन लर्निंग हो। ये कल की जरूरतें हमने भारत में आज तैयार कर ली हैं।*

——————————

लखनऊ के सीबीआई मामलों के विशेष न्यायालय ने सरकारी धन के गबन से संबंधित मामले में बांदा हेड पोस्ट ऑफिस के 2 तत्कालीन सहायक पोस्टमास्टर, 3 तत्कालीन लेजर क्लर्क और पूर्व डाक सहायक सहित छह आरोपियों को 7 से 10 वर्ष के कठोर कारावास और कुल 4.45 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। सीबीआई ने वर्ष 2009 में अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप था कि अभियुक्तों ने भुगतान के लिए झूठे और जाली दस्तावेज तैयार करके सरकारी धन का गबन किया।

——————————

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में आज धर्मशाला में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। अंक तालिका में पंजाब 15 पॉइंट्स के साथ तीसरे जबकि दिल्ली 13 अंको के साथ पांचवें स्थान पर है।

——————————

प्रदेश के कई ज़िलों में आज सुबह हल्की से तेज़ बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि आगामी 24 घंटों में भी प्रदेश के पूर्वी औऱ पश्चिमी इलाकों में बारिश की संभावना है। वहीं आने वाले 6 से सात दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी।

(समाप्त)